# GSEB Std 9 Hindi Textbook Solutions Chapter 19 महाकवि कालिदास

**Std 9 GSEB Hindi Solutions महाकवि कालिदास Textbook Questions and Answers**

## स्वाध्याय

### 1. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए :

**प्रश्न 1. कालिदास के जन्मस्थान का नाम बताइये।**
उत्तर :
कालिदास का जन्मस्थान उज्जयिनी (उज्जैन) माना जाता है।

**प्रश्न 2. मेघदूत का नायक कौन है?**
उत्तर :
'मेघदूत' का नायक एक यक्ष है।

**प्रश्न 3. 'विक्रम संवत' का प्रारंभ किसने करवाया था?**
उत्तर :
विक्रमसंवत का आरंभ उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने करवाया था।

### 2. निम्नलिखित प्रश्नों के तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1. **कालिदास की अज्ञता किस बात से प्रकट होती है?**
उत्तर :
निरक्षर कालिदास पेड़ की जिस डाल पर बैठे थे, उसी को काट रहे थे। उनके इसी कार्य से उनकी अवता प्रकट होती है।

**प्रश्न 2. विद्योत्तमा का परिचय दीजिए।**
उत्तर :
विद्योत्तमा राजा शारदानंद की पुत्री थी। वह गुणवती, विदुषी और बहुत सुंदर थी। उसके रूप, गुण और ज्ञान की प्रशंसा दूर-दूर तक फैली हुई थी। उसे अपने रूप, गुण और ज्ञान का बहुत धमंड था। उसने घोषणा की थी कि जो व्यक्ति उसे शास्त्रार्थ में पराजित करेगा, उसीके साथ वह विवाह करेगी।

**प्रश्न 3. महाकवि कालिदास की कृतियों के नाम दीजिए।**
उत्तर :
**महाकवि कालिदास की कृतियाँ :**

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

- ऋतुसंहार
- मालविकाग्निमित्र
- विक्रमोर्वशीयम्
- कुमारसंभव
- मेघदूत
- रघुवंश और
- अभिज्ञानशाकुंतलम्।

## 3. निम्नलिखित शब्दसमूह के लिए एक-एक शब्द लिखिए :

**प्रश्न 1. जिसमें सभी का हित समाया हुआ हो**

उत्तर :

सर्वहितकारी

**प्रश्न 2. विद्वानों द्वारा की जानेवाली शास्त्रों की चर्चा**

उत्तर :

शास्त्रार्थ

**प्रश्न 3. विद्या में जो उत्तम हो**

उत्तर :

विद्योत्तमा

## 4. निम्नलिखित विधानों के रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

**प्रश्न 1.**

1. **विद्योत्तमा के एक उँगली दिखाने में ………… भाव था।**
2. **सृष्टि का निर्माण ………… तत्वों के मेल से होता है।**
3. **ऊँट की बोली सूनकर मूर्ख युवक …………… बोल उठा।**

उत्तर :

1. ईश्वर के एक होने
2. पांच
3. उट्र - उट्र

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in